No. of Printed Pages : 6

BSEI-005

ADVANCE CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT

Term-End Examination

December, 2011

00948

BSEI-005 : SOFT SKILL TRAINING

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

नोट : *प्रश्न 1 के **सभी** प्रश्न करने **अनिवार्य** हैं। (तीन भाग-क,ख,ग) प्रश्न-2 में कोई **सात** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रश्न-3 में से कोई **तीन*** प्रश्नों के उत्तर दें।

भाग - 'क'

1. खाली स्थान भरो : **12x1=12**

(a) रोगी की छाती को दबायें-छोडें-दबायें-छोड़े यह क्रिया ________ मिनट में 80 से 100 से बार दोहराएं।

(b) जब घायल ________ हो तो ऐसी स्थिति में घायल को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल भेजने की व्यवस्था करें।

(c) कृत्रिम श्वसन प्रक्रिया को एक मिनट में ________बार करें।

(d) घाव को कीटाणुरहित या पट्टी ________ से साफ करें।

(e) कार्य करने में जोश हो किंतु ________ में रहें।

(f) सुपरवाईजर कार्य की गुणवत्ता व ________का जिम्मेवार होता है।

(g) किसी भी स्थान पर, ________वहाँ के पानी, साफ-सफाई आदि की जिम्मेवार होती है।

(h) गले में अवरोध से सांस बंद होता है, और सांस वापस नहीं आती है, तो पेट में गहरा ________डालें। और गर्दन के पीछे थपथपायें।

(i) हड़ताल या बंद एक ________दाँव है, जिसका प्रयोग राजनीतिज्ञ अपनी समस्या को हल करने के लिए करते हैं।

(j) रक्त स्त्राव ना रूके तो पट्टी के पैड को बदलकर दोबारा ________ मिनट तक दबाये।

(k) कम्पनियों में सुरक्षा अधिकारी, जनरल मैनेजर का ________ हाथ होता है।

(*l*) सांप दो प्रकार के होते हैं, विषैले एवं ________ ।

भाग - 'ख'

4x1=4

1. **स्तम्भ 'अ'** को **स्तम्भ 'ब'** से मिलायें :

'अ'	'ब'
(a) R-Rest	(i) रोगी का हौसला बढ़ायें तथा सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करें।
(b) C-Compassion	(ii) आराम करें।
(c) I-Ice	(iii) उस हिस्से को हृदय लेबल से उठाकर थोडा ऊपर उठाकर रखें।
(d) E-Elevate	(iv) उस हिस्से को ठण्डे पानी या बर्फ से ठण्डा करें।

भाग - 'ग'

1. **निम्नलिखित वाक्यों में से सही या गलत बताएं ।** **12x1=12**

(a) साँप के काँटे मरीज़ को सोने दें। ( )

(b) घातक रूप से जले हुए व्यक्ति के उपचार में फफोलों को फोड़े। ( )

(c) किसी भी संगठन में मतभेदों को तीन श्रेणियों में बाँटा जाता है। ( )

(d) तालाबंदी करना मालिकों का कानूनी अधिकार है।( )

(e) सुपरवाईजर शिफ्ट प्रारंभ होने से पहले उपस्थिती व वर्दी का निरीक्षण करता है। ( )

(f) 'नाम पट्टी' सुरक्षा कर्मचारी की पहचान के लिए जरूरी है। ( )

(g) Material Register (outgoing) में दिन-प्रतिदिन की असमान्य घटनाओं को दर्ज किया जाता है। ( )

(h) एक गार्ड का कर्त्तव्य समय 10-15 घंटे होता है। ( )

(i) हिंसा का जबाब संयम से दें, आग पर तेल न छिड़कें। ( )

(j) समाज स्तर पर बच्चों व बूढ़ों को प्रोत्साहित व सांत्वना देने के लिए भी संवाद कौशल का प्रयोग लाभप्रद नहीं होता। ( )

(k) नीरसता कम करने के लिए ऊँची पिच एवं धीमी/मधुर आवाज का प्रयोग करें। ( )

(l) 'सुनने का कौशल' से दूसरे लोगों से संदेश व सूचनाएँ प्राप्त की जाती हैं। ( )

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्ही सात** प्रश्नों के उत्तर दें : 7x6=42

(a) मरहम पट्टी करते समय क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए ? नोट लिखें ?

(b) 'शारीरिक भाषा' का प्रयोग कैसे किया जाये, संक्षेप में लिखें।

(c) गले में अवरोधक को किस प्रकार दूर करेंगे, संक्षेप में लिखें।

(d) सुरक्षा सुपर वाइजर/निरीक्षक के कोई छः कर्तव्य लिखें।

(e) 'संवाद कौशल' के अभ्यास के संदर्भ में निम्नलिखित को संक्षेप में लिखें :

(क) खेल प्रर्दशन (ख) तुरंत दोहराई

(f) घटना की Incident Report में प्रयोग होने वाले फार्म का खाका बनायें।

(g) एक सुरक्षा-कर्मी को वर्दी को पूरा करने के लिए कमीज के अतिरिक्त और भी कोई चीजे लगानी होती हैं। कोई छः लिखिए।

(h) हड़ताल के समय सुरक्षा अधिकारी के क्या -क्या कर्त्तव्य होंगे। कोई छः कर्तव्य के बारे में लिखें।

(i) निम्नलिखित संक्षेप में लिखें :

(क) Key Register

(ख) Returnable Material

(j) निम्नलिखित पर संक्षेप में नोट लिखो :

(क) अग्निशामक यन्त्र (ख) एम्बुलेन्स

3. निम्नलिखित में से **किन्ही तीन** के उत्तर विस्तार पूर्वक दें। **3x10=30**

(a) 'प्राथमिक चिकित्सा' के आम सिद्धान्तों को लिखें।

(b) सांप काटने के 'लक्षण' एवं 'प्राथमिक उपचार' के बारे में लिखें।

(c) एक अच्छे सुपरवाईजर के सामान्य कर्तव्यों को विस्तार से लिखें।

(d) 'अच्छे संवाद कौशल' के लाभों का वर्णन विस्तार से करें।

(e) घेराव के समय सुरक्षा विभाग की कार्यवाही क्या होगी ?